# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024



## अंचल की खबरें

### खरतुली स्कूल के बच्चों ने चलाया सफाई अभियान



**धमतरी।** प्राथमिक शाला खरतुली के बच्चों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर प्रधानपाठक दीनबंधु सिन्हा के मार्गदर्शन में अपने अपने मुहल्लों में टोली बनाकर सफाई अभियान चलाया। पहले दिन बच्चों ने विद्यालय के किचन गार्डन की सफ़ाई की एवं स्वच्छता की शपथ ली। इस कार्य में विद्यालय परिवार से राजेश्वरी ठाकुर, तारकेश्वरी सोनबेर, कल्याणी ठाकुर, कंचन धुरन्धर, रसोइया ललिता यादव, ओमेश्वरी मेश्राम, स्वीपर तुलसी का योगदान रहा।

### गांधी जयंती पर रोपे गए पौधे




**धमतरी।** हायर सेकेंडरी स्कूल मुजगहन में गांधी जयंती मनाई गई। प्राचार्य ऋषिकांत सिन्हा ने गांधीजी के जीवन वृतांत को छात्र-छात्राओं के समक्ष रखा। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में फलदार फूलदार पौधे भी रोपे गए। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मनोरंजनात्मक एवं उत्साहवर्धन के लिए गेड़ी दौड़ हुई। पारंपरिक सुआ नृत्य, पंथी नृत्य भी हुआ। यह आयोजन कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार सिन्हा के निर्देशन में हुआ।

### मोखा में बही रामनाम की रसधारा



**धमतरी।** ग्राम मोखा (मड़ाईभाठा) में ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय रामधुनी महोत्सव का आयोजन किया गया। गांव में तीन दिनों तक रामनाम की रसधारा बही। रामधुनी महोत्सव में विभिन्न जगहों से आई मंडलियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। तीन दिनों तक ग्राम का वातावरण राममयी रहा। विभिन्न मंडलियों ने कथा, प्रसंग के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। समापन अवसर पर विधायक ओंकार साहू, सभापति जिला पंचायत धमतरी कविता योगेश बाबर पहुंचे। कार्यक्रम में चमेली बाई पवार पूर्व सरपंच, बालाराम देवांगन, भीखम देवांगन, घनश्याम देवांगन, बलदाऊ राम साहू, संतोष देवांगन, रामचंद देवांगन, नीलकंठ देवांगन, रेवाराम साहू, शेखर यादव, डुमन साहू, किशन सोरी सहित अनेक ग्रामवासी शामिल हुए। मंच संचालन ध्रुव कुमार साहू ने किया।

### कलाकार मनोहर दास को भारत रत्न देने की मांग



**धमतरी।** अपनी चलित खुली कला प्रदर्शनी के माध्यम से पूरे देश में विख्यात धमतरी के कलकार मनोहर दास को जनप्रतिनिधियों ने भारत सरकार को पत्र लिखकर भारत रत्न सम्मान प्रदान करने की मांग की है। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन जनहित के कार्यों को देखते हुए उन्हें दो बार सम्मानित कर चुका है। महामहिम राष्ट्रपति भी सम्मानित कर चुके हैं। मनोहर दास स्वयं के व्यय से पिछले चार दशक से अधिक समय तक भारतीय संस्कृति पर सैकड़ों कलाचित्रों का चित्रांकन किया है। आदिवासी सभ्यता एवं संस्कार के विषय में भी अनेक कलाचित्र बनाए। कमलभान सिंह सांसद सरगुजा ने भारत सरकार को पत्र लिखकर मनोहर दास कलाकार को भारत रत्न सम्मान प्रदान करने की मांग की थी। चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद, रंजना साहू पूर्व विधायक, ओंकार साहू विधायक धमतरी ने मानवतावादी कार्यों के लिए कलाकार मनोहर दास को भारत रत्न देने के लिए भारत सरकार को पत्र लिखा है।

### भैंसबोड़ के पंडालों में विराजित हुईं मां दुर्गा



**अंवरी।** ग्राम भैंसबोड़ में शारदीय नवरात्रि धूमधाम से मनाई जा रही है। यहां 4 जगह भव्य पंडाल में मां विराजित हुई हैं। शिवशक्ति दुर्गा उत्सव समिति टिकरापारा भैंसबोड़ के तत्वावधान में आज जय मां अम्बे मौनी जस झांकी परिवार तर्रागोंदी की प्रस्तुति होगी। 8 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी मंदरोल चम्पारण एवं 12 अक्टूबर को जय डोंगेश्वर धाम जस झांकी परिवार देवपुर धमतरी की जस झांकी का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी बिदेशीराम, रोहित साहू, रवि, कुम्भकरण, महेश, दिलीप साहू ने दी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जल जगार महोत्सव का कांग्रेसियों ने किया बायकाट

पूर्व मुख्यमंत्री ने सिहावा रोड, रत्नाबांधा रोड, गंगरेल रोड, बिलाई माता रोड के लिए 117 करोड़ रूपये की घोषणा की थी जिसे रोक दिया गया। उन्होंने धमतरी हित में उक्त कार्यों की तत्काल घोषणा करने तथा गोल बाजार, बस स्टैंड के कार्य को स्वीकृत करने को कहा।

एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि जिला प्रशासन पिछले 8-9 माह से जल जगार कार्यक्रम चला रहा है। पर यह नहीं बता रह है कि ब्लाक स्तर पर वाटर लेवल कितना सुधरा है। विभागों द्वारा कार्यक्रम के लिए टेंडर निकाला गया है तो अलग से राशि क्यों वसूली जा रही है। यह आयोजन प्रधानमंत्री की न खाउंगा न खाने दूंगा की कथनी और करनी को दर्शाता है।

प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व दुग्ध संघ अध्यक्ष विपिन साहू, जिपं अध्यक्ष कांति सोनवानी, वरिष्ठ कांग्रेसी आलोक जाधव, जनपद अध्यक्ष मनीषा साहू, पंकज महावर, पार्षद राजेश पांडे, राजेश ठाकुर, दीपक सोनकर आदि उपस्थित थे।

## चिपरीडीह में जैविक कृषि कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

# अधिक लाभ के चक्कर में किसान खेत की सेहत को दांव पर लगा रहे

- निरंजन भटा, जैविक कृषि, गौमूत्र, गोबर से कीटनाशक एवं हर्बल गुलाल तैयार करने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



प्रोग्रेसिव फार्मर समूह छग के तत्वावधान में ग्राम चिपरीडीह (दर्रा) में गौ आधारित कृषि एवं जैविक प्राकृतिक कृषि कार्यशाला सहप्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता एवं गौ आधारित जैविक कृषि की ओर प्रयास करने, मानव, पशु एवं पर्यावरण के लिए सुरक्षित एवं कृषि लागत को कम करते हुए शुद्ध अनाज प्राप्त करने, कीट प्रबंधन एवं कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान करने जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरती साठे प्रशिक्षिका प्राकृतिक खेती बागवानी एवं असि. प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज थीं। अध्यक्षता क्षमता साहू सरपंच ने की। विशेष अतिथि रोहित साहू खूबचंद बघेल सम्मान प्राप्त कृषक अचानकपुर दुर्ग, सूरज यादव रायपुर सतबहनिया गौधाम रायपुर, लीलाराम साहू निरंजन भटा के जनक एवं राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत कृषक धूमा थे। समूह के सदस्य मनोज साहू शिक्षक एवं पीयूष दीवान ने बताया कि भारत कृषि प्रधान देश है जहां पर कृषि कार्य हेतु रासायनिक खाद का अंधाधुंध उपयोग किया जा रहा है। घर में गौमाता की सेवा करके उसके गौमूत्र, छांछ, गोबर का उपयोग करके जैविक कृषि की जा सकती है और रसायनमुक्त अच्छी फसल तैयार की जा सकती है। लेकिन आज के किसान अधिक पैदावार बढ़ाने और अधिक लाभ कमाने के चक्कर में फसल में लगातार रासायनिक जहर डाल बीमारी को आमंत्रित कर रहे हैं।

लीलाराम साहू जैविक कृषक ने निरंजन प्रजाति की ढाई से 3 फीट भटा की पैदावारी के बारे में बताया। उस भटा के थरहा का वितरण किसानों को किया गया। रोहित साहू जैविक कृषक ने बताया कि उनके द्वारा गौमूत्र का उपयोग जैविक कृषि दवाई के रूप में किया जाता है जिससे फसलों की तनाछेदक, माहू एवं अन्य कीट लगने जैसी बीमारी ठीक होती है।

इस अवसर पर चावल की विविध प्रजाति ब्लैक राइस, ग्रीन राइस, रेड राइस, ब्लैक गेहूं, मिलेट्स जैसे ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी (मडिया), कोदो, कुटकी अलसी की प्रदर्शनी लगाई गई। रानी निषाद द्वारा गोबर, मिट्टी एवं अनाज के दानों से निर्मित आर्ट एंड क्राफ्ट सामग्री, हर्बल गुलाल की प्रदर्शनी लगाई गई।

इस अवसर पर डा. राजेंद्र भानगे, ओमप्रकाश साहू, कोमल साहू, रमन लाल साहू, आशा राम साहू, देवनाथ साहू, लोकनाथ साहू चंद्रशेखर साहू, यशवंत, विक्रम, मोहन साहू, थलेंद्र साहू, राजेंद्र साहू, मानसिंह, मोहन साहू, दिलीप साहू, टीकाराम साहू, मन्नूलाल साहू, असंत साहू, तुलसी यादव, उत्तम साहू, भारत लाल, धनेश, घनश्याम, गोकुल महेंद्र, राजेंद्र, रूपराम, रमेश, किशुन, भुवन, संतोष साहू पंच, लखन, रमेश, सुखराम सहित अन्य किसान मौजूद रहे। मंच संचालन हेमलाल साहू एवं मनोज साहू ने किया।

### चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता 7 को

**धमतरी।** इस साल भी 8 अक्टूबर तक वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि 7 अक्टूबर को स्कूली बच्चों की निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता होगी। कक्षा 5वीं से 8वीं तक के बच्चों का निबंध वन्य प्राणी संरक्षण आवश्यक क्यों पर होगा। चित्रकला का विषय वन्यप्राणी और जल संरक्षण है। 9वीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए निबंध का विषय वन्य जीवों की संख्या में कमी या खतरे के कारण और चित्रकला का विषय वन्यप्राणी और जल संरक्षण है। यह प्रतियोगिता सुबह 10.30 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। वनमण्डलाधिकारी ने यह भी बताया कि धमतरी के लिए डीएफओ कार्यालय नीलाम परिसर एवं नगरी के लिए उप वनमण्डल नगरी में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रत्येक कक्षा से 5-5 विद्यार्थी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विद्यार्थी चित्रकला प्रतियोगिता हेतु कलर सेट अपने साथ लेकर आयेंगे। प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण 8 अक्टूबर को किया जाएगा।

# करोड़ों की सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी, सालभर में हो गई जर्जर

**गड्ढों में गिरकर राहगीर हो रहे घायल, मरम्मत की मांग की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



भखारा बाईपास से कोलियारी होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली भाठागांव सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। महज सालभर पहले डामरीकरण व चौड़ीकरण हुए मार्ग में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इसका मुख्य कारण हाइवा जैसे भारी वाहनों का प्रवेश माना जा रहा है। बता दें कि करोड़ रुपये की लागत से बनी इस सड़क का सालभर पूर्व ही डामरीकरण व चौड़ीकरण किया गया था। वर्तमान में सड़क में लगाई गई डामर और गिट्टियां अभी से उखड़ने लगी हैं। जगह जगह गड्ढे हो गए।

ग्रामीणों का कहना है कि डामरीकरण में निम्न स्तर के मटेरियल का इस्तेमाल किया गया है। सड़क निर्माण में लापरवाही बरती गई है जिसके चलते सड़क पर बड़े -बड़े गड्ढे दिखाई देने लगे हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है वहीं इन गड्ढों में मुरुम और बजरी डालकर खानापूर्ति की जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सालभर पहले किया गया डामरीकरण उखड़ने लगा है।



ग्राम कोलियारी निवासी सत्यनारायण साहू, आकाश साहू, सुशील साहू, साकेत साहू, दीपांशु साहू, द्रोण साहू, अनुराग साहू, मनी साहू ने बताया कि सड़क निर्माण में डामर को पतला डाला गया है इसलिए सड़क जल्द उखड़ रही है। इससे आए दिन दुघर्टना हो रही है। इस मार्ग में रात के समय आने जाने में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जल्द ही सड़क की मरम्मत करने की मांग की है।

इस संबंध में आरएस गंजीर कार्यपालन अभियंता लोकनिर्माण विभाग कुरुद ने कहा कि बारिश के कारण काम रुका है। वर्षाकाल समाप्ति पश्चात मरम्मत कार्य किया जाएगा

**गंगरेल में आज व कल जल जगार महोत्सव**

# सीएम देंगे 87.25 करोड़ से अधिक के 49 विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले के पंडित रविशंकर जलाशय गंगरेल में 5 एवं 6 अक्टूबर को जल जगार महोत्सव आयोजित किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर 5 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय जिलेवासियों को 87 करोड़ 25 लाख 77 हजार रूपये के कुल 49 विकास कार्यों की सौगात देंगे। इनमें 65 करोड़ 84 लाख 91 हजार रूपये के 33 कार्यों का लोकार्पण और 21 करोड़ 40 लाख 86 हजार रूपये के 16 कार्यों का शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।

लोकार्पण किए जाने वाले कार्यों में नगरपालिक निगम धमतरी के तहत 30 करोड़ 94 लाख 49 हजार रूपये के 4 कार्य, लोक निर्माण विभाग के तहत 26 करोड़ 39 लाख 33 हजार रूपये के 4 कार्य, विद्युत विभाग के 4 करोड़ 20 लाख 8 हजार रूपये के 2 कार्य, स्वास्थ्य विभाग के तहत एक करोड़ 52 लाख 73 हजार रूपये के 6 कार्य, जनपद पंचायत नगरी के तहत एक करोड़ 39 लाख 88 हजार रूपये के 9 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के तहत एक करोड़ 13 लाख 40 हजार रूपये के 5 कार्य और जनपद पंचायत धमतरी के तहत 25 लाख रूपये की लागत के 3 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा 21 करोड़ 40 लाख 86 हजार रूपये के 16 कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। इनमें लोक निर्माण विभाग के तहत 7 करोड़ 41 लाख 96 हजार रूपये के 2 कार्य, नगरपालिक निगम धमतरी के तहत 6 करोड़ 37 लाख 14 हजार रूपये के 3 कार्य, जल संसाधन संभाग धमतरी कोड 90 के तहत 4 करोड़ 40 लाख 62 हजार रूपये के 2 कार्य, हाउसिंग बोर्ड के तहत एक करोड़ 86 लाख 53 हजार रूपये के एक कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के तहत 93 लाख 48 हजार रूपये के 4 कार्य, जनपद पंचायत धमतरी के 25 लाख रूपये के 3 कार्य और क्रेडा के तहत 16 लाख 13 हजार रूपये के एक कार्य का शिलान्यास किया जाएगा।


# माता की भक्ति में लीन हुआ ग्रामीण अंचल

- ज्योति प्रज्ज्वलित कर सुख शांति की कामना कर रहे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



शारदीय नवरात्रि 3 अक्टूबर गुरूवार से प्रारंभ हो चुकी है। शीतला मंदिर, दुर्गा, काली मंदिर में नवरात्र पर्व पर आस्था की ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। दुर्गा माता की प्रतिमा विराजित कर भक्ति भाव से पूजा की जा रही है। मगरलोड ब्लाक मुख्यालय सहित भैंसमुंडी, सोनपैरी, लुगे, भरदा, परसवानी, बेलरदोना, मोहंदी, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पहंदा, भोथा, लड़ेर, बोरसी, करेली छोटी, मेघा, अरौद, गिरौद, हरदी, सौंगा, भोथीडीह, बोड़रा, आमाचानी, रांकाडीह, अमलीडीह, कुंडेल, मोतिमपुर, खिसोरा, हसदा, करेली बड़ी, खट्टी, मोहेरा, बिरझुली, सिंगपुर दुर्गा माता की भक्ति भाव से सराबोर हो गया है। प्रत्येक गांव के पारा मोहल्ले में माता की प्रतिमा विराजित कर तन मन से भक्ति पूजा में रमे हुए हैं।



गांव के शीतला मंदिर में ज्योति जंवारा अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना की जा रही है। ग्रामीण अंचल के सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा दुर्गा माता पंडाल के समीप जसगीत, झांकी, रामधुनी, नाचा गम्मत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों का मनोरंजन किया जाता है। गांव की माता सेवा मंडली सुबह, शाम देर रात्रि तक दुर्गा माता प्रतिमा तथा शीतला मंदिर प्रांगण में बाजे-गाजे के साथ माता सेवा गाकर माता की प्रति सच्ची श्रद्धा भक्ति का प्रदर्शन कर रहे हैं। शाम को दुर्गा माता की आरती में पारा मोहल्ले के सैकड़ों महिला, पुरुष , बच्चे पूजा थाली सजाकर शामिल होते हैं। नवरात्रि पर्व पर 9 दिनों तक गांव का माहौल आदि शक्ति की पूजा से भक्तिभाव हो जाता है।

# टीचर्स एसोसिएशन ने बोर्ड के फरमान पर जताई कड़ी आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने बोर्ड के फरमान पर कड़ी आपत्ति जताई है। जिलाध्यक्ष डा भूषणलाल चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पारिक ने बताया कि दरअसल बोर्ड ने विगत एक अक्टूबर को एक पत्र जारी किया है, जिसमें निर्धारित तिथि में ऑनलाइन एंट्री नहीं कर पाने वाली संस्था से पच्चीस हजार विलंब शुल्क जमा करने का निर्देश दिया है। एसोसिएशन ने माध्यमिक शिक्षा मंडल के इस तुगलकी फरमान पर कड़ी आपत्ति करते हुए वापस लेने की मांग की है।

पदाधिकारियों ने बताया कि कक्षा नवमीं का नामांकन एवं दसवीं व बारहवीं के वार्षिक परीक्षा का आवेदन पत्र ऑनलाइन एंट्री करने के लिए 31 अगस्त 2024 तक अंतिम तिथि थी। प्रदेश के कई स्कूलों में तकनीकी कारणों से एक-दो बच्चों की ऑनलाइन एंट्री छूट गई है। इसके लिए बोर्ड ने डीईओ के माध्यम से 25 सितंबर तक उन स्कूलों की सूची मंगाई, जहां ऑनलाइन एंट्री के लिए बच्चे छूट गए हैं। सूची प्राप्त करते ही माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 3 से 6 अक्टूबर तक ऑनलाइन एंट्री के लिए पोर्टल खोलने का शुल्क प्रति स्कूल 25000 रुपये देने का फरमान जारी किया है जो अव्यवहारिक है।

इस सूची में धमतरी जिले के 40 स्कूलों का नाम शामिल है। वहीं पूरे प्रदेश में 1247 स्कूलों का नाम है। प्रदेश के इन 1247 स्कूलों को प्रति स्कूल 25000 रुपये की दर से कुल तीन करोड़ 11 लाख 75 हजार रुपए विलंब शुल्क जमा करने के लिए कहा गया है। संघ के पदाधिकारियों ने ऐसे तुगलकी फरमान को छात्रहित व विद्यालय हित में अविलंब वापस लेने की मांग की है।

# गरज-चमक के साथ गिर सकती है बिजली

**धमतरी।** रविवार को उत्तर एवं मध्य छत्तीसगढ़ में गरज -चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। शनिवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं मानसून वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल बताई जा रही हैं। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार आगामी दो तीन दिनों के दौरान उत्तरप्रदेश, पूर्वी राजस्थान के शेष भागों तथा मध्यप्रदेश, गुजरात तथा महाराष्ट्र के कुछ और भागों से दक्षिण, पश्चिम की वापसी के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। उत्तर बंगाल की खाड़ी, बंग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों पर एक निम्नदाब का केंद्र बना हुआ है। इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर दक्षिण पश्चिम की ओर झुका हुआ है। इसके प्रभाव से 6 अक्टूबर से गरज-चमक के साथ वज्रपात की गतिविधियां हो सकती हैं।









तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री


हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024

10 अधिक लाभ के चक्कर में किसान खेत की सेहत को दांव पर लगा रहे

12 गरबा नृत्य में मातारानी की भक्ति करने का साझा मंच मिलता है : रंजना




## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है। पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन धमतरी में होगी। बैठक में पेंशनर संगठन के पंजीयन क्रमांक 1844 के न्यायालयीन प्रकरण पर चर्चा की जायेगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष विरेन्द्र नाग अध्यक्ष, सचिव मोतीलाल हिरवानी ने सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### गणित की पूरक प्रायोगिक परीक्षा 7 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी प्रथम वर्ष गणित की पूरक प्रायोगिक परीक्षा 7 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से महाविद्यालय के आईटी गणित विभाग में होगी। संबंधित छात्र-छात्राएं आवश्यक दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर अपनी उपस्थिति दें। यह जानकारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने दी है।

### शासकीय कॉलेज परिसर में लर्निंग लाइसेंस कैम्प 7 से

**धमतरी।** जिला परिवहन विभाग धमतरी, भारत विकास परिषद् शाखा व सृष्टि आनलाइन सर्विस सेन्टर के सहयोग से बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में लर्निंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन 7 एवं 8 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से होगा। लर्निंग लाइसेंस बनवाने के इच्छुक नियमित छात्र-छात्राएं आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड की छायाप्रति, पासपोर्ट साइज फोटो दो, 10वीं की अंकसूची के साथ उपस्थिति होंगे। मोटरसाइकिल दोपहिया वाहन हेतु 356 रूपये एवं लाइट मोटर वहीकल हेतु 506 रुपये फीस निर्धारित है। लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा पास करना अनिवार्य है। परीक्षा पास करने के पश्चात प्राप्त लिंक से संबंधित आवेदक विद्यार्थी लाइसेंस डाउनलोड कर सकेगा एवं परीक्षा पास नहीं करने की स्थिति में पुनः परीक्षा फीस जमा कर 1 सप्ताह के बाद परीक्षा देनी होगी। यह जानकारी प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने दी।

### राशन के लिए भटक रहे लोग, चल रहा मान मनौव्वल का दौर

# साढ़े 4 सौ राशन दुकानों में ताला लटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राशन दुकान संचालकों की हड़ताल से जिले के 450 से ज्यादा राशन दुकानों में ताला लटक गया है। ढाई लाख परिवारों का राशन भी बंद हो गया है। राशन दुकान संचालकों की मांग प्रदेश स्तर की है। जिला स्तर पर मान मनौव्वल का दौर चला। उम्मीद की जा रही है कि सोमवार से सभी राशन दुकान फिर से चालू हो जाएगी।

अपनी 6 सूत्रीय मांग को लेकर जिला सहित प्रदेशभर के राशन दुकान संचालक 3 अक्टूबर को दुकान बंद कर हड़ताल पर चले गए हैं। इससे जिलेभर की 453 राशन दुकानों में ताला लग गया है। जिले भर में 2 लाख 40 हजार 687 राशन कार्डधारी हैं। हड़ताल का सीधा असर उन पर पड़ रहा है। राशन के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 47 हजार 997 अंत्योदय, 712 निराश्रित, 393 निःशक्तजन और 1 लाख 65 हजार 428 प्राथमिकता वाला राशन कार्ड है। इन सबको मिलाकर कुल बीपीएल 2 लाख 14 हजार 530 बीपीएल राशन कार्डधारी हैं। हड़ताल का असर सबसे ज्यादा इन्हीं पर पड़ रहा है। दुकान के बंद रहने से सस्ते में चावल, मिट्टीतेल, नमक, शक्कर आदि नहीं मिल रहा है। इसके अतिरिक्त 26 हजार 157 एपीएल राशन कार्डधारी हैं। उन्हें भी रियायती दर पर चावल नहीं मिल रहा है।

#### मशीन की गुणवत्ता खराब

राशन दुकान संचालक जितेंद्र कुमार, सतीश पटेल, चूड़ामणि, प्रदीप, रोशन साहू, आनंदराम नेताम ने बताया कि ई-पॉस मशीन की गुणवत्ता बहुत खराब है। सभी दुकान को इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन ट्रायल में ई-पाश मशीन से बाध्य किया गया है। मशीन की गुणवत्ता बहुत खराब है। सुधार करने के लिए उचित संसाधन नहीं है। सर्वर समस्या के कारण राशन वितरण काफी मुश्किल से करते हैं। इस प्रणाली को बदला जाए। उन्होंने बताया कि पिछले 5 महीने से राशन दुकान के आवंटन में अनियमिता बरती जा रही है, इसलिए भंडारण प्रभावित होता है। आए दिए दुकानदार और उपभोक्ता के मध्य वाद-विवाद की स्थिति बन जाती है।




#### आर्थिक संकट से जूझ रहे दुकानदार

दुकान संचालकों ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है। बारदाना की राशि, मार्जिन मनी, वित्तीय पोषण राशि का समय पर भुगतान नहीं किया जाता। मार्जिन मनी में 20 वर्षों से एक रूपये की वृद्धि नहीं हुई है। वर्तमान में अर्जित राशि बहुत कम है, जिसे बढ़ाकर 250 रूपये प्रति क्विंटल किया जाए। मासिक भुगतान और सहकारिता समूह के विक्रेता को 30 हजार मासिक मानदेय दिया जाना चाहिए। राशन दुकान एवं विक्रेता का बीमा किया जाए। राशन भंडारण में गड़बड़ी के कारण दुकान में शार्टज आ रहा है, इसलिए ई-पास मशीन एवं इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन से कलेक्टिविटी के माध्यम से भंडारण कराया जाए और 02 प्रतिशत क्षतिपूर्ति दी जाए ।

#### खुलेंगी सभी दुकानें

राशन दुकान संचालकों की मांग प्रदेश स्तर की है। जिलास्तर पर सभी राशन दुकान संचालकों से समन्वय अच्छा है। शुक्रवार को भी 100 से ज्यादा दुकानें खुली रहीं। शनिवार को सभी राशन दुकानें खुल जाएंगी।

- **बीके कोर्राम**, *खाद्य अधिकारी*

# जल जगार महोत्सव में शामिल होंगे सीएम साय

- गंगरेल बांध में 5 एवं 6 अक्टूबर को होंगे रोमांचक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिले में देशव्यापी जल जगार महोत्सव का आयोजन 5 एवं 6 अक्टूबर को गंगरेल बांध में किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। अध्यक्षता संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता विभाग मंत्री केदार कश्यप करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, सांसद कांकेर भोजराज नाग, विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर, सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम, धमतरी विधायक ओकार साहू, जिपं अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, ननि महापौर विजय देवांगन और जनपद अध्यक्ष श्रीमती मनीषा साहू होंगे।




कार्यक्रम का समापन 6 अक्टूबर को पंडित रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में होगा। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, सांसद कांकेर भोजराज नाग, विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर, सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम, धमतरी विधायक ओकार साहू, जिपं अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, ननि महापौर विजय देवांगन, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मनीषा साहू और सरपंच गंगरेल रमेश राव काड़े होंगे।

#### जल जगार पर होगी गंगरेल ट्रेल रन

जिला प्रशासन द्वारा जल जगार महोत्सव का आयोजन 5 और 6 अक्टूबर को गंगरेल बांध में किया जा रहा है। इस महोत्सव में लोगों को जल से जोड़ने एवं सामुदायिक सहभागिता के उद्देश्य गंगरेल ट्रेल रन (मैराथन) का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन 3 वर्ग में विभक्त की गई है, जिसमें 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी शामिल है। 21 किमी की दौड़ के लिए पंजीयन शुल्क 1100 रू, 10 किमी मैराथन के लिए 800 रूपये और 5 किमी मैराथन के लिए 500 रूपये पंजीयन शुल्क निर्धारित है। मैराथन में इच्छुक व्यक्तियों के लिए आफलाइन पंजीयन की सुविधा रूद्री रोड में जिंजर लीफ रेस्टोरेंट के पास की गई है। पंजीयन सुविधा मैराथन वाले दिन गंगरेल बांध परिसर में भी उपलब्ध रहेगी।

#### कलेक्टर नम्रता गांधी ने कंट्रोल रूम में लगाई कर्मचारियों की ड्यूटी

रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में 5 एवं 6 अक्टूबर को जल जगार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने जल जगार महोत्सव में किसी भी तरह की समस्या होने पर सम्पर्क करने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जिसमें उन्होंने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने सुबह 8 से शाम 4 बजे तक जिपं कम्प्यूटर ऑपरेटर श्रीकांत सोलंके, खुशकरण साहू की ड्यूटी लगाई है। इसी तरह शाम 4 से रात 12 बजे तक सहायक ग्रेड 2 लखन उसेंडी और क्लस्टर समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन दुष्यंत तुरिया, की ड्यूटी लगाई गई है।

**पुलिस महानिरीक्षक ने सिटी कोतवाली व कुरूद थाना का किया निरीक्षण**

# गंभीर मामलों पर त्वरित कार्रवाई करें : आईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

निरीक्षण पर धमतरी पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक अमरेश कुमार मिश्रा ने सभी थाना प्रभारियों को हत्या, लूट, चोरी जैसे गंभीर मामलों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान आईजी ने सिटी कोतवाली व कुरूद थाना का निरीक्षण कर लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने कहा है।

पुलिस महानिरीक्षक अमरेश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को धमतरी पहुंचकर रक्षित केंद्र का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा टूआईसीसी, एएसआई रामावतार राजपूत के नेतृत्व में परेड टीम द्वारा सलामी दी गई। तत्पश्चात आईजी द्वारा परेड एवं टर्न आऊट कर निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही एसपी को नियमित रूप से परेड लेने व जवानों की वेशभूषा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। परेड के निरीक्षण पश्चात आईजी ने पुलिस लाइन परिसर की विभिन्न शाखाओं, कार्यालयों एवं परिवहन शाखा का निरीक्षण किया। पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस लाइन में समस्त अधिकारी कर्मचारियों का सम्मेलन लेकर पुलिस के नए एवं पुराने अधिकारियों एवं जवानों के अनुभव को सुनने के बाद वर्तमान में पुलिसिंग किए जाने की बात कही। आईजी ने पुलिस कार्यालय के कान्फ्रेंस हाल में आयोजित बैठक में जिले के सभी पुलिस, राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली।



बैठक में एसपी आंजनेय वार्ष्णेय, एएसपी सुशील नायक सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। बैठक में आईजी ने जिले की कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अपराध व अनैतिक गतिविधियों, नशा, जुआ, सट्टा के अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने सहित बेहतर पुलिसिंग के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। चिटफंड के लंबित मामलों का भी शीघ्र निराकरण करने, चोरी, हत्या, लूट जैसी घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था को सुचारू रुप से बनाए रखने एवं लगातार ब्लैक स्पॉट की पहचान कर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। अनुसूचित जाति, जनजाति से संबंधित राहत राशि प्रकरणों को त्वरित निराकरण करने के लिए निर्देश दिए गए। सभी थाना प्रभारियों को थाने में आने वाले पीड़ित, प्रार्थी, आवेदकों से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने के निर्देश दिए। निर्दोष व्यक्ति को नहीं सताएं। थाना स्टाफ की मॉनिटरिंग एवं उनका मैनेजमेंट सही तरीके से करने की बात कही। राजपत्रित अधिकारियों को अधिक से अधिक नक्सल थानों के एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई करने निर्देशित किया।

बैठक के पश्चात पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस कार्यालय की सभी शाखाओं में घूमकर संबंधित शाखा प्रभारियों से जानकारी लेकर शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी आंजनेय वार्ष्णेय, एएसपी सुशील नायक, डीएसपी मुख्यालय भावेश साव, कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा, डीएसपी नेहा पवार, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, सभी थाना व चौकी प्रभारी सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# रंजिशवश अधेड़ की हत्या कर धरसा नाली में फेंका शव, आरोपी गिरफ्तार

- आमदी के धरसा नाली में मिली थी लहूलुहान लाश
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा : चरवाहा अधेड़ की हुई थी हत्या
- अर्जुनी व साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दो दिन पहले ग्राम आमदी के धरसा नाली में मिली अधेड़ की लहूलुहान लाश के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या होने का खुलासा होने पर अर्जुनी व साइबर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुरानी रंजिश का बदला लेने बकरी चराने गए अधेड़ की हत्या कर शव को धरसानाली में फेंककर फरार आरोपी को अर्जुनी व साइबर की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी निवासी आत्माराम पटेल पिता ढुलुराम उम्र 50 वर्ष 30 सितंबर की सुबह अपनी बकरियों को चराने के लिए आमदी से भानपुरी मार्ग पर नहर नाली की तरफ गया था। दोपहर में बकरियां वापस घर पहुंच गई थी, लेकिन चरवाहा रात तक वापस घर नहीं लौटा। दूसरे दिन पुत्र रोशनलाल पटेल पिता आत्माराम की तलाश करते नहर नाली की तरफ गया। नहर पार किनारे पोखराज साहू के खेत के पास स्थित धरसानाली के पानी में आत्माराम की लाश तैरती मिली। मृतक के सिर पर कई जगह चोट के निशान थे। राजेश पटेल की शिकायत पर अर्जुनी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत हत्यात्मक होने का लेख किए जाने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103/3 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था।

#### पुरानी रंजिश का बदला

अर्जुनी व साइबर की संयुक्त टीम मामले की जांच में जुट गई। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर संदेही सुकालु चेलक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। संदेही ने पुरानी रंजिश के चलते अधेड़ के सिर पर लाठी मारकर हत्या करने की बात को स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी सुकालु चेलक पिता सोनूराम उम्र 45 वर्ष ग्राम चुनकट्टा थाना उतई जिला दुर्ग निवासी को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



#### बकरी खरीदने के चक्कर में हुआ विवाद

मृतक आत्माराम बकरी पालन करने के साथ उसे चराने का भी काम करता था। बताया जाता है कि सुकालुराम महीने भर पहले आत्माराम से बकरी खरीदना चाहता था, लेकिन आत्माराम बकरी बेचने को तैयार नहीं था। इसी कारण से दोनों के बीच विवाद हुआ था। जिसका परिणाम हत्या तक पहुंच गया।

#### लाठी से पीट पीटकर की हत्या

पुलिस टीम ने घटनास्थल व आसपास से मिले सुराग व मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेही सुकालु राम चेलक को पकड़कर पूछताछ की। आरोपी ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि घटना के एकमाह पूर्व मृतक आत्माराम के साथ उसका विवाद हुआ था जिसके कारण आत्माराम से दुश्मनी रखता था। 30 सितंबर की दोपहर 1.30 बजे घटनास्थल आमदी के बड़ी नहरनाली के पास पुराने झगड़े को लेकर दोनों के बीच फिर विवाद हो गया। झगड़े के दौरान सुकालु ने अपने पास रखे लाठी से अधेड़ पर प्राणघातक हमलाकर हत्या कर दी। मृतक के शव को धरसा नाली के पानी में फेंककर भाग गया। आरोपी के बताए अनुसार पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठी को खेत से व घटना के समय पहने कपड़ों को उसके कमरे से बरामद किया।

#### हत्याकांड के खुलासे में इनका रहा योगदान

इस हत्याकांड के खुलासे में अर्जुनी पुलिस सन्नी दुबे, एएसआई उत्तम निषाद, प्रआ लोकेश नेताम, देवेंद्र राजपूत, खोमेंद्र भारद्वाज, आरक्षक योगेश नाग, दीपक साहू, फनेश साहू, मुकेश मिश्रा, खेमू हिरवानी, राजेश साहू, प्रशांत पांडे, संजय ठाकुर व भागवत साहू का योगदान रहा।

### राइस मिल, आटो मोबाइल, अस्पताल संस्थान से बेजा वसूली तथा भाजपाइकरण का लगाया आरोप

# जल जगार महोत्सव का कांग्रेसियों ने किया बायकाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गंगरेल में आज से शुरू होने वाले दो दिवसीय जल जगार महोत्सव का कांग्रेसियों ने बायकाट कर दिया है।

- जिला कांग्रेस कमेटी ने ली प्रेस कॉन्फ्रेंस

कार्यक्रम के एक दिन पहले शुक्रवार को राजीव गांधी भवन में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रेसवार्ता ली, जिसमें जिलाध्यक्ष, विधायक, महापौर सहित वरिष्ठ कांग्रेसियों ने प्रशासन पर लोगों को परेशान करने सहित कई तरह के आरोप लगाकर जल जगार महोत्सव का बहिष्कार किया है।

प्रेसवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि जल जगार महोत्सव का विरोध नहीं है लेकिन कार्यक्रम को लेकर जिस तरह प्रशासन लोगों को परेशान कर रहा है, वह गलत है। गुजरात और मुंबई के लोगों को बुलाकर प्रदर्शनी लगवाकर स्थानीय लोगों की अवहेलना की गई है। धमतरी से गंगरेल मार्ग पर लगाए गए लाइट डेकोरेशन में तिरंगे का अपमान करते हुए हरे रंग को ऊपर तथा केसरिया रंग को नीचे लगाया गया है। मां अंगारमोती दर्शन के लिए आने वाले हजारों श्रद्धालुओं से पार्किंग चार्ज लिया जा रहा है। रूद्राभिषेक दिन में होता है जिसे शाम को रखा गया है। स्थानीय लोगों की ठेला गुमटी को बेजा हटाया और तोड़ा गया। स्थानीय कलाकारों को महत्व नहीं देते हुए बाहरी कलाकारों को बुलाया गया है। कार्यक्रम के नाम पर राइस मिलर, आटो मोबाइल, अस्पताल आदि संस्थाओं से जबरिया वसूली का उनके पास प्रमाण है। खाद्य, खनिज, राजस्व विभाग के अधिकारी, ठेकेदारों एवं व्यापारियों से अवैध उगाही की गई है। मैराथन दौड़ के नाम पर मनमानी फीस ली जा रही है। उन्होंने कहा कि जल जगार कार्यक्रम में एक भी कांग्रेसी शामिल नहीं होंगे।



विधायक ओंकार साहू ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम से हर्ष था। सहयोग की तैयारी भी थी, पर कार्यक्रम का भाजपाईकरण किया जा रहा है। पोस्टर में भगवान शिव की फोटो को नीचे तथा मंत्रियों की फोटो को ऊपर रखा गया है। अनुज शर्मा, गरिमा दिवाकर के कार्यक्रम के लिए पहले से पोस्टर छप गया था। उसके बाद टेंडर बुलाया गया। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री के ट्वीट पर टेंडर निरस्त किया गया। जल जगार के लिए छोटे अधिकारी, कर्मचारियों को कई दिनों से काम पर लगाकर परेशान किया जा रहा है। प्रशासन अपनी गलतियां सुधारे नहीं तो सड़क पर उतरकर विरोध करेंगे।

महापौर विजय देवांगन ने कहा कि पूर्व में स्वीकृत 5 करोड़ के कार्य को पहले निरस्त कर दिया गया। उसी कार्य का फिर से भूमिपूजन किया जा रहा है। ▶▶ शेष पेज 10 पर

#### कलेक्टर ने आरोपों को बताया निराधार



कलेक्टर नम्रता गांधी ने कहा कि जिले में वृहद स्तर पर आयोजित हो रहा जल जगार महोत्सव न सिर्फ जिला प्रशासन का है, बल्कि यह कार्यक्रम जिले के सभी जाति, समुदाय, धर्म, सामाजिक, स्वैच्छिक संगठन सहित जिलेवासियों का है। जल जगार कार्यक्रम के संबंध में लगाए गए सभी आरोप निराधार है, जिसका कलेक्टर ने खण्डन किया है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**धमतरी।** जिले में संचालित नगरी स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 7वीं में रिक्त सीटों की पूर्ति लेटरल एंट्री के माध्यम से करने के लिए बीते 29 सितम्बर को चयन परीक्षा आयोजित की गई। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि चयन परीक्षा के परिणाम घोषित हो गए हैं और चयन एवं प्रतीक्षा सूची को जिले की वेबसाईट धमतरी डाट जीओवी डाट इन पर अपलोड किया गया है।

### सशिमं रूद्री की छात्रा डुलेश्वरी का क्षेत्रीय स्तर पर चयन

**धमतरी।** सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में किया गया, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा डुलेश्वरी सोन ने तरूण वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान व 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसका चयन मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र के खंडवा जिले में आयोजित प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस उपलब्धि पर रामकुमार साहू आचार्य, संतोष साहू, भुजबल यादव, प्रेमलाल निषाद, परमेश्वर साहू, पंकज त्रिभुवन, शरद, गजेन्द्र साहू, राकेश सिन्हा, श्रवण यादव, नतिवा सेन, अंजु साहू, दिनेश्वरी, बसंती, मीनाक्षी व गंगोत्री, मुन्नाराम, सत्या, दुर्गा ने हर्ष व्यक्त किया है।

### रूद्री में आज निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला

**धमतरी।** ग्राम पंचायत रूद्री में आयुष विभाग के तत्वावधान में आज जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। सरपंच अनीता यादव ने बताया कि शिविर में आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी चिकित्सा एवं परामर्श पद्धति से उपचार किया जाएगा। निःशुल्क स्वर्ण प्राशन शून्य से पांच वर्ष आयु वाले बच्चों के लिए है। सुप्रजा कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं के लिए विशेष सत्र, परामर्श एवं चिकित्सा पद्धति की सुविधा शिविर में है। राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम अंतर्गत एनीमिया, कुपोषण, एनसीडी एवं वृद्धावस्था संबंधित समस्याओं के लिए परामर्श एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है। शिविर ग्राम पंचायत के पास सुबह नौ बजे से 12 बजे तक चलेगा। शिविर में विभिन्न बीमारियों का उपचार किया जाएगा।

### झांकी में चोरिया एवं गायन में चर्रा प्रथम

**धमतरी।** ग्राम भैंसमुण्डी नारी में ग्रामवासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चोरिया राजनांदगांव पहले, जय मां रामधुनी लमनी चिल्हाटी दूसरे, जय अम्बे डोंगेश्वर धाम तीसरे, जय बजरंग रामधुनी हाटकोरा कांकेर चौथे स्थान पर रहे। गायन में जय मां शारदा रामधुनी चर्रा पहले, बाल समाज रामधुनी देवरी दूसरे, जय श्री कृष्णा रामधुनी खड़मा तीसरे, जय मां विंध्यवासिनी रामधुनी गोकुलपुर चौथे स्थान पर रहो। अनुशासन में विरोदा, वेशभूषा में सम्बलपुर, संगीत में डोकला, कथा में चोरभट्टी ने मारी बाजी। कार्यक्रम में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष जागेश्वर साहू, यशवंत निषाद, लखनलाल साहू, सुभाष सोनवानी, देवनारायण, ज्ञानेश्वर, मानिक, हीरा राम दिवाकर, पोषण, जीवराखन, केजू, मोहन, रामचरण, संतोष, केदारनाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### रसायनशास्त्र परिषद की साक्षी बनी अध्यक्ष

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग में रसायनशास्त्र परिषद का गठन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ.एके सिंह ने परिषद के उद्देश्यों, सत्र में होने वाले विभागीय कार्यक्रम व गतिविधियों की जानकारी दी। अध्यक्ष साक्षी पाटले एमएससी तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष सृष्टि दुबे एमएससी प्रथम सेमेस्टर, सचिव मीनल सोनकर एमएससी तृतीय सेमेस्टर, सहसचिव गौरी यादव एमएससी प्रथम सेमेस्टर एवं कोषाध्यक्ष आस्था साहू एमएससी तृतीय सेमेस्टर चुने गये। कार्यक्रम में अमित कुमार, डॉ.राकेश साहू, आकांक्षा मराकम, अतिथि व्याख्याता प्रीति चारयानी, विजयलक्ष्मी साहू एवं शीतल पवार का योगदान रहा।

### रास गरबा डांडिया महोत्सव के शुभारंभ पर इंडोर स्टेडियम में दिखी आकर्षक परिधान की जुगलबंदी

# गरबा नृत्य में मातारानी की भक्ति करने का साझा मंच मिलता है : रंजना

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



विवकोनंद इंडोर स्टेडियम में गरबा समिति द्वारा आयोजित रास गरबा डांडिया महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रतिभागियों ने साज-सज्जा और आकर्षक परिधान की जुगलबंदी से संगीतमय पारिवारिक माहौल में गरबा नृत्य कर माता की भक्ति और आराधना की।

उदघाटन समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रंजना डीपेन्द्र साहू थीं। अध्यक्षता पूर्व नपं अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि देवनाथ सोनी, प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा, महिला मोर्चा अध्यक्ष जागृति साहू और जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू ने मैदान में प्रतिभागियों के साथ गुजरात के पारम्परिक नृत्य गरबा कर सभी गरबाप्रेमियों का हौसला अफजाई की। इस दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने कहा कि गरबा नृत्य न केवल समाज और सभीआयु वर्ग के लोगों को एक मंच में मातारानी की आराधना के लिए एक साझा मंच प्रदान करता है बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारा का मानवीय संदेश भी देता है। मंच संचालन सूरज देवांगन और आभार प्रदर्शन वीणा खत्री ने किया।

प्रथम दिवस के महिला-पुरूष और किशोर-किशोरी वर्ग के विजेता प्रतिभागियों को पूर्व नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने बधाई देते हुए विनर सेल्फी पाइंट में उनके साथ फोटोसेशन भी करवाया और उनका उत्साहवर्धन भी किया। नवरात्रि के द्वितीय दिवस प्रतिभागियों ने बंगाली वेशभूषा में गरबा के स्टेप्स बेसिक, झंकार, झांझर, राधा, पुष्पा, चैकड़ी, तीन ताली, छतीसगढ़ी चैकड़ी, डोडिया, छकड़ी, डांडिया नृत्य द्वारा मां भगवती की भक्ति की। गरबा नृत्य में विविध राज्यों की संस्कृति की झलक और सांस्कृतिक एकता का सम्मिश्रण भी मैदान पर जीवंत झलक देखने को मिल रहा है। इस दौरान गरबा समिति से पुष्पा तिवारी, वीणा खत्री, प्रसन्न नायडू, प्रतिमा पिल्लै, सुमन बजाज, संगीता श्रीवास्तव, सरिता देवांगन, रेखा तिवारी, सूरज देवांगन, मनीष देवांगन, मोहन सुखरामणी, योगेश साहू, राहुल वर्द्धयानी, सरोजनी नाग, करूणा देवांगन सहित हजारों दर्शक उपस्थित थे।



#### राधा-कृष्ण थीम पर पीले वस्त्र में नजर आए प्रतिभागी

नवरात्रि के प्रथम दिवस पर प्रतिभागियों ने राधा-कृष्ण थीम और पीले रंग के आकर्षक सुसज्जित परिधान से मनमोहक वेशभूषा में मैदान में गरबा नृत्य कर माता शैलपुत्री स्वरूपा शक्ति की भक्ति की। इस अवसर पर पंडाल में आकर्षक साज-सज्जा और रोशनी की जगमगाहट के साथ ही प्रतिभागियों के लिए आकर्षक सेल्फी पाइंट और फोटो पाइंट, नन्हे-मुन्हे बच्चों ने पीताम्बरी वेशभूषा धारण किया। पीत वस्त्र से पूरा मैदान ब्रजभूमि के 84 कोस की तरह भक्तिमय हो गया।

# नाचा छत्तीसगढ़ की अनमोल धरोहर : ओंकार



- डाही में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम डाही में नवदुर्गा आदर्श नवयुवा गुलमत बाल समाज व ग्रामवासियों के तत्वावधान में क्वांर नवरात्रि पर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना व तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत का आयोजन किया गया है। शुभारंभ विधायक ओंकार साहू ने किया। अपने उद्बोधन में विधायक श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ी नाचा अपनी बहुमूल्य संस्कृति को समेटा हुआ है। यह हमारी अनमोल धरोहर है। नाचा सिर्फ मनोरंजन का साधन न होकर हमारी संस्कृति के साथ-साथ समाज में विभिन्न बुराइयों पर कटाक्ष करने का माध्यम है।उन्होंने कहा कि नाचा गम्मत धरोहर को सहेजने के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना होगा।

मौके पर गोविन्द साहू सभापति जिला पंचायत, राजा देवांगन जिला अध्यक्ष एनएसयूआई, बसंत मरकाम सरपंच डाही, दयाराम साहू पूर्व जनपद सदस्य, ढालेश्वर देवांगन उपसरपंच डाही, परसराम ठाकुर सेक्टर अध्यक्ष, मुकेश ध्रुव सरपंच हंकारा, राजू साहू विधायक प्रतिनिधि, धरम मरकाम पूर्व सरपंच, परसमणि साहू, हिमांशु साहू, तामेश्वर सिन्हा, खिलेन्द्र सिन्हा, कोमल ठाकुर, रामकुमार पटेल, प्रकाश ध्रुव, बिशेसर विश्वकर्मा, लेखराम सिन्हा, प्रकाश समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।




## गरबा में विद्याकुंज स्कूल द्वितीय रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नवरंग एक्सट्रीम द्वारा अंतर स्कूल गरबा प्रतियोगिता का आयोजन हरदिहा साहू समाज धमतरी में किया गया, जिसमें विद्याकुंज स्कूल लोहरसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन समिति, प्राचार्य एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

मोखा एवं रींवागहन की रामधुनी प्रतियोगिता में शामिल हुईं जिला पंचायत सभापति

## भगवान राम ने मानव समाज को शांति एवं सद्भाव का संदेश दिया : कविता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम मोखा एवं रींवागहन में ग्रामवासियों के तत्वावधान में रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत वन समिति सभापति श्रीमती कविता योगेश बाबर उपस्थित हुई। अपने उद्बोधन में श्रीमती बाबर ने कहा कि भगवान रामचंद्र का जीवन अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है।

उन्होंने अपने जीवन में सभी जीवों के प्रति सेवा एवं दया का भाव प्रदर्शित किया एवं मर्यादापूर्वक जीवन जीते हुए ही मानव समाज को शांति एवं सद्भाव का संदेश दिया। मनुष्य तन प्राप्त होने पर जीवन ऐसा जीना चाहिए कि सदा परमार्थ एवं सेवा के रास्ते पर चलते हुए सभी जीवों के लिए कल्याण का कार्य करना चाहिए। अच्छाई को हमेशा धारण करके बुराई को जड़ से नष्ट करना ही मनुष्य जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का छग से विशेष नाता रहा है। यहां उनका ननिहाल है। तत्कालीन भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने राम वन पथ गमन तथा माता कौशल्या का मंदिर का निर्माण करवाया। मौके पर सरपंच कमलेश्वर ध्रुव, धिराज राम ध्रुव, मोतीलाल साहू, विजय साहू, संतराम ध्रुव, राजेश कैशाल, भगवती साहू, संतोष देवांगन, भूषण साहू, ध्रुव कुमार साहू, घनश्याम देवांगन समेत आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला साहू संघ ने गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान



**धमतरी।** सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर धमतरी जिला साहू संघ के आह्वान एवं जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू के मार्गदर्शन में जिले के सभी तहसील, परिक्षेत्र, ग्रामीण इकाई में स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न हुआ। वार्ड के गली-मोहल्ले, चौक- चौराहों, कला मंच, मंदिर-देवालय एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश साहू दिया गया। जिला साहू संघ के अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने बताया कि अपने घर, परिवेश एवं आसपास की साफ-सफाई करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। भविष्य में भी जागरूकता के लिए स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाएगा। धमतरी शहर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला महासचिव यशवंत साहू, तहसील अध्यक्ष रोहित साहू, जिला सचिव लीलाराम साहू, रामकुमार साहू, कमलेशकांत साहू, जिला संगठन मंत्री गोपी साहू, रामेश्वर साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पवन गजपाल, परिक्षेत्र अध्यक्ष नीलमणि साहू, राजेंद्र साहू, ईश्वर साहू, मदन साहू, भोलाराम साहू, धीरेन्द्र साहू, उपेन्द्र साहू, वेदप्रकाश, हिरेंद्र साहू मौजूद रहे।

## कलारतराई स्कूल में गांधी-शास्त्री को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सत्य एवं अहिंसा का मार्ग प्रशस्त करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की 120 वीं जयंती शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला कलारतराई में धूमधाम से मनाई गई।

शाला परिसर में स्थित महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा एवं लालबहादुर शास्त्री के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला कलारतराई प्रधानपाठक रामकुमार साहू ने महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही। छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री से संबंधित गीत एवं कविताओं का वाचन किया। शाला की शिक्षिका मित्तू मंडावी ने प्रेरणा गीत गाया। शिक्षक तुलेश्वर मेश्राम ने महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रकाश निर्मलकर ने किया। इस अवसर पर गौरव निर्मलकर एवं करण कुमार साहू ने महात्मा गांधी की वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। मौके पर माध्यमिक शाला समिति के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार साहू, प्राथमिक शाला के अध्यक्ष रवि प्रकाश सेन, उपाध्यक्ष शिवकुलेश्वर साहू, बोधन राम साहू, डॉ. गजेंद्र साहू, उर्मिला नगारची, जमुना बाई, अंजनी साहू, मनीष साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मुजगहन में 50 ग्रामीणों ने नशा छोड़ने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ग्राम मुजगहन में प्रभातफेरी निकाली गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त व्याख्याता लखन लाल साहू ने कहा कि गांधी जी के विचार और कार्य आज भी हमारे लिए उतने ही उपयोगी एवं प्रेरणादायक है जितने उस समय थे। दिलीप नाग ने कहा कि गांधीजी ने स्वच्छ भारत स्वच्छ गांव एवं स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ समाज का जो सपना देखा था उसे पूरा करना है। डेरहा राम साहू एवं रामायणलाल साहू ने भी गांधी एवं शास्त्री की जीवनी पर प्रकाश डाला। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक दिलीप नाग द्वारा ग्राम मुजगहन को नशामुक्त बनाने 50 से अधिक ग्रामीणों को नशा नहीं करने का संकल्प कराया गया। कार्यक्रम का संचालन लखन लाल साहू एवं आभार प्रदर्शन ग्राम विकास समिति के नारायण सेन ने किया।

मौके पर सरपंच चन्द्रशेखर साहू, ग्राम पटेल भुवन लाल साहू, पूर्व सरपंच अघनुराम साहू, राम दयाल साहू, ओमप्रकाश साहू, बलराम साहू, विचित्रवीर साहू, डेरहा राम साहू, रामबगस साहू, राधेश्याम साहू, रामायणलाल साहू, पुनवाराम साहू, खोरबाहरा राम, जेठालाल, थानूराम, कुंजबिहारी, देवसिंग, किसुनराम, श्रवण ध्रुव सहित बहुत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

रंग-बिरंगी रोशनी से मन्दिर परिसर जगमगा रहा, मां के दर्शन के लिए उमड़ रहे भक्त

## शीतला शक्तिपीठ सिहावा में जगमगा रहे आस्था के दीप





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार से हो गया। नवरात्रि के प्रथम दिवस शीतला शक्ति पीठ सिहावा में आस्था के दीप प्रज्वलित करने वालों की भीड़ लगी रही है। प्रमुख घट स्थापना उपरांत ज्योतिधारियों ने मां शीतला के दर्शन व विधि-विधान से पूजा अर्चना, संकल्प लेकर शुभ मुहूर्त दोपहर 11.36 बजे मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि में 2379 ज्योति जगमगा रही है। जिसमें घी की 217 व तेल की 2162 ज्योति शामिल है। घट स्थापना के लिये आचार्य चंद्रहास दुबे ने ज्योतिधारियों को संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर आदि शक्ति की उपासना से मनुष्य का जीवन कल्याणकारी हो जाता है।

शीतला शक्ति पीठ के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि स्वयंभू माता शीतला के प्रति श्रद्धालुओं के अगाध आस्था होने से इस मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिये आते हैं व अपनी मनोरथ के लिये याचनायें करते हैं और माता की असीम कृपा प्राप्त होती है। रंग बिरंगी रोशनी से पूरा मन्दिर परिसर जगमगा रहा है। तृतीय दिवस से अष्टमी तक रोजाना भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। व्यवस्था में समिति के संचालक कलमसिंह पवार, महासचिव नेमसिंह बिसेन, सहसचिव नरेंद्र नाग, नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गेंदलाल यादव, आचार्य चन्द्रहास दुबे, संरक्षक प्रकाश बेस, राजेश यदु, निकेश ठाकुर, मंच संचालक तुकाराम साहू, गोरख शांडिल्य, गेंदलाल शाण्डिल्य, पुजारी ज्ञानसागर पटेल, परमेश्वर नेताम, बलदेव निषाद, राजकुमार निषाद, छबि ठाकुर, रवि ठाकुर, संजय सारथीं, रामलाल नेताम, उत्तम साहू, प्रवीण गुप्ता, सचिन भंसाली, गगन नाहटा, भरत निर्मलकर, महेंद्र कौशल, किशन गजेन्द्र समेत अन्य जुटे हुए हैं।

## बंगाली समाज की महिलाओं ने दी महालया की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मां दुर्गा के आगमन को महालया कहा जाता है। इसे दुर्गा पूजा की शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। महालया पर्व से ही प्रमुख व्रत एवं त्योहारों की शुरूआत होती है। यह पितृ पक्ष का आखिरी दिन होता है। महालया पर्व को बंगाली समाज की महिलाओं द्वारा आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

मां दुर्गा के आगमन का चित्रण नृत्य एवं चंडी पाठ से किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संगीता सरकार एवं श्रीमती डाली आचार्य ने किया।

मां दुर्गा के विभिन्न रूपों का वर्णन श्रीमती बनानी पोद्दार, संगीता सरकार, डाली आचार्य, रीता राय, झुमुर बारूली, बुलटी दत्ता ने नृत्य एवं गीत के माध्यम से किया। चंडी पाठ पंडित शंकर आचार्य ने किया। कार्यक्रम में डॉ एसके राय एवं डॉ सुबरना राय का योगदान सराहनीय रहा।

## ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश

**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में महात्मा गांधी की जयंती को स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छ भारत दिवस के रुप में मनाया गया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। छात्रों ने स्वच्छता रैली निकाली और ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण, जल ही जीवन, जल है तो कल है, स्वच्छता हमारा कर्तव्य जैसे नारे लगाए गए। बच्चों ने नुकड़ नाटक से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता के महत्व को बताया। मौके पर प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस. अग्रवाल, एस.साहू, पी. शर्मा, जे.ध्रुव, एल.सोन, एम.ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com




रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि: स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411